कार्यालयः–जिला कार्यक्रम अधिकारी, मीरजापुर।

पत्रांक C-2626 /जि0का0अ0/आ0बा0चयन/2026–27 दिनांकः 25.11.2026

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि शासनादेश सं0–1/1092245/2025/ 3313 / 58–1–2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद मीरजापुर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्र में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में **आंगनबाड़ी सहायिकाओं** के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https:// upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **आंगनबाड़ी सहायिकाओं** के रिक्त पदों का विवरण परियोजनावार निम्नवत हैं:–

क0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/ शहरी	रिक्त पदों की संख्या	योग
1	छानबे	ग्रामीण	10	10
2	सिटी ग्रामीण	ग्रामीण	20	20
3	हलिया	ग्रामीण	12	12
4	जमालपुर	ग्रामीण/शहरी	16	16
5	कोन	ग्रामीण	18	18
6	लालगंज	ग्रामीण	7	7
7	मड़िहान	ग्रामीण	10	10
8	मझवां	ग्रामीण/शहरी	6	6
9	नगर/स्लम	ग्रामीण/शहरी	16	16
10	नरायनपुर	ग्रामीण/शहरी	20	20
11	पहाड़ी	ग्रामीण	12	12
12	राजगढ़	ग्रामीण	19	19
13	सीखड़	ग्रामीण	1	1
योग.....			**167**	**167**

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण परियोजनावार एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी, साथ ही विभागीय वेबसाइट https:// upanganwadibharti.in पर अपलोड होगी।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश–

1 .विज्ञापित में प्रकाशित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

2 रिक्त पदों **(आंगनबाडी सहायिका)** हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष एवं अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के गुणांक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।

3. आवेदिका को रिक्त पदों के ग्रामसभा/वार्ड (शहरी) का स्थाई निवासी होना अनिवार्य हैं। अन्य ग्राम सभा/वार्ड के आवेदन पत्र मान्य नही होंगें।

4. आवेदिका की आयु निर्धारित तिथि 01.07.2026 (कट ऑफ डेट) को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5. आयु के संबंध में हाई स्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

6. विज्ञप्ति में प्रकाशित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https:// upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार किए जायेगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किए जायेगें।

7. **विज्ञप्ति में प्रकाशित पदों हेतु ऑनलाइन दिनांक 26.11..2026 से 16.12.2026 के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक ही स्वीकार किए जायेगें।**

8. विज्ञप्ति प्रकाशित रिक्त पदों की संख्या विशेष परिस्थितियों में घट या बढ़ भी सकती हैं।

9. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों के अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https:// upanganwadibharti.in पर उपलब्ध हैं, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड/नगर पंचायत/नगर पालिका की बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से प्रत्येक कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

10. यदि आवेदन में कोई त्रुटि होती हैं, या कोई तथ्य/आकड़े/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाये जायेंगे, तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगी। त्रुटि सुधार हेतु ऑफलाइन किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

11. आवेदन करने के पूर्व शासनादेश दिनांक 17.09.2025 का अध्ययन भली–भॉति कर लें। आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट निकालकर मूल अभिलेखों से मिलान कर लें। त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। केन्द्र का नाम एवं केन्द्र कोड, भरना अनिवार्य हैं। चयन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।

12. आय प्रमाण पत्र के संबंध में समाज कल्याण अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–22/2015/2123/26–2–2015 दिनांक 14.09.2015(यथासंशोधित) द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080/–वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र में रू0 56460/–वार्षिक आय सीमा का अनुपालन किया जायेगा। तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होंगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन किया जा सकें (आय प्रमाण पत्र के संबंध में उ0प्र0 शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या–3959/1–9–11–रा0–9 दिनांक 30.09.2011 {यथा संशोधित} के क्रम में संक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होगें,) जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हों।

13. आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के संबंध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय,जाति व निवास प्रमाण पत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन संभव हो।

14. आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं के पदों पर चयन की वरीयता क्रमानुसार निम्नवत हैं:–

(I) उसी ग्रामसभा/वार्ड (शहरी क्षेत्र) के विधवा बी0पी0एल0 अभ्यर्थी को वरीयता।
(II)उसी ग्रामसभा/वार्ड (शहरी क्षेत्र) के तलाशुदा/परित्यकता बी0पी0एल0 अभ्यर्थी को वरीयता।
(III) उसी ग्रामसभा/वार्ड (शहरी क्षेत्र) में बी0पी0एल0 अभ्यर्थी को वरीयता।
(IV) उसी ग्रामसभा/वार्ड (शहरी क्षेत्र) के विधवा ए0पी0एल0 अभ्यर्थी को वरीयता।
(V) उसी ग्रामसभा/वार्ड (शहरी क्षेत्र) के तलाशुदा/परित्यकता ए0पी0एल0 अभ्यर्थी को वरीयता।
(VI) उसी ग्रामसभा/वार्ड (शहरी क्षेत्र) में ए0पी0एल0 अभ्यर्थी को वरीयता।

नोटः– (I) विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।
(II) तलाशुदा/परित्यकता के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगें।

भवदीय,

(दुर्गेश कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
मीरजापुर।

पृष्ठांकन **संख्या–** G2626 /तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ०प्र० लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय मीरजापुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मीरजापुर।
4. समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, मीरजापुर को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मीरजापुर को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी मीरजापुर को इस आशय से कि जनपद.मीरजापुर के उपरोक्त उल्लिखित आंगनबाडी सहायिका के रिक्त पदों की विज्ञप्ति न्यूनतम दर पर एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराने के साथ भुगतान हेतु बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सदस्य/प्रस्तुतकर्ता, मीरजापुर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त की एक प्रति अपने कार्यालय बोर्ड पर चस्पा करkना सुनिश्चित करें, एव प्रचार–प्रसार करें/करायें।
8. पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करायें।
9. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
मीरजापुर।